18 जनवरी 2010 सहयोग राशि रु. 100/- वार्षिक अंक-313

☎ : 05947-252841

# पायनियर चेतना

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com, website : www.internationalpioneers.com

(नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था, इन्टरनेशनल पायनियर्स द्वारा प्रकाशित)

(अवैतनिक) प्रधान सम्पादक : सन्तोष कुमार मेहरोत्रा, रामनगर (नैनीताल) सह सम्पादक : पाय० महावीर वर्मा 'मधुर' (अवैतनिक)

(अवैतनिक) सम्पादक - संजीव शर्मा, रामनगर (नैनीताल) पाय० एल० सी० अरोड़ा (अवैतनिक)

**Pioneerism, A commitment to Humanity**

## इंटरनेशनल महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ आस्था द्वारा आयोजित सांस्कृतिक समारोह

**हापुड़। 21 दिसम्बर 2009।** इंटरनेशनल महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ आस्था के तत्वावधान में यहाँ शिवपुरी स्थित गणेश मण्डप में



आयोजित सांस्कृतिक समारोह में नगर के विभिन्न स्कूल के बच्चों ने नृत्य, गायन, फैंसी ड्रेस आदि प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करके श्रोताओं व दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

समारोह की अध्यक्षता श्रीमती शालू गोयल ने की। मुख्य अतिथि एक्सिस बैंक के शाखा प्रबन्धक सुमित अरोरा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रिय अध्यक्ष मनोज कर्णवाल, राष्ट्रीय उपमहासचिव अनिल वाजपेयी व दीवान स्कूल की अध्यापिका श्रीमती शशी शर्मा ने भगवान गणेश जी को पुष्प अर्पण करने के बाद समारोह का शुभारंभ किया समारोह का सफल संचालन संस्था की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती आराधना वाजपेयी ने किया।

अतिथि के रूप में पधारे एक्सिस बैंक के शाखा प्रबंधक श्री सुमित अरोरा ने कहा कि महिला पायनियर्स क्लब छिपी प्रतिभाओं को सामने लाने का अत्यन्त प्रशंसनीय कार्य कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज कर्णवाल ने राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती आराधना वाजपेयी अध्यक्ष श्रीमती शालू गोयल तथा सचिव दीपाली कंसल के कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा कि संस्था को इन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। राष्ट्रीय उपमहासचिव अनिल वाजपेयी ने कहा कि संस्था न सिर्फ प्रतिभाओं को सामने ला रही है अपितु समाज सेवा के अग्रणीय कार्यो को भी कर रही है। अध्यक्ष श्रीमती शालू गोयल ने कहा आई चैक कैम्प व गरीब किन्तु प्रभावशाली बच्चों की मदद के कार्य उनके मुख्य रूप से एजेण्डे में है।

संस्था की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती आराधना वाजपेयी ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उस देश के प्रतिभावान नागरिकों पर निर्भर करता है। पायनियर्स महिला क्लब बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है।



आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रियम गोयल (बैंबू ग्रोव) प्रथम रीना अग्रवाल एवं ट्विंकल खन्ना (मिनीलैंड) ने क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रिया जिंदल (एसएसबी), इरम खानम (कमला अग्रवाल) एवं फरहत जहां ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में जेसिका कौर (मिनीलैंड) अर्पिता सिंघल (मिनीलैंड) एवं सोनल अग्रवाल ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार जीते। गायन प्रतियोगिता में निशी कौशिक (दीवान), बल्लरी गर्ग

*शेष पृष्ठ 2 पर...*

पृष्ठ 1 का शेष...

# इंटरनेशनल महिला पायनियर्स क्लब हापुड़ आस्था द्वारा आयोजित...

(मिनीलैंड), कृष्णा उप्पल (दीवान) क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। नृत्य प्रतियोगिता (एकल) में जूनियर वर्ग में आयुषी गुप्ता, मिनीलैंड मंजरी गर्ग, (संगीत कला संगम) दिव्यांशी ने प्रथम,



द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में शिल्पी मित्तल प्रथम, शुभांगी द्वितीय व कृतिका चिटकारा तृतीय स्थान पर रहे। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में गुंजन वर्मा व खुशबू वर्मा (प्रथम) आरूषि और अलिशा (द्वितीय) तमन्ना, राशि व मेघा तृतीय स्थान पर रहे।

समारोह के जज शशी शर्मा, उत्तम दत्ता (बिजनौर), राजेन्द्र परिहार (मेरठ) ने बच्चों को शुभाशीष देते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

समारोह में आराधना वाजपेयी, शालू गोयल, दीपाली कंसल, कुसुम गोयल, पूनम कर्णवाल, प्रमिला अग्रवाल, अर्चना कंसल, बेवी जिंदल, डौली सिंघल, मीनू,अग्रवाल, ममता कंसल, उर्मिला शर्मा, नीना अग्रवाल, पारूल अग्रवाल, रेखा सिंह, सपना छाबड़ा, संतोष शर्मा, सीमा गोयल, सुषमा खन्ना, छाया अग्रवाल, नेहा अग्रवाल, शिखा गर्ग, सीमा जिंदल का अमूल्य योगदान रहा।

शहर के गणमान्य लोगों में अविनाश बब्बर, महावीर वर्मा, दीपक त्यागी, डा. प्रेमलता तिवारी, तरूण गर्ग, सुलेखा गोयल, आशीष अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, सुनील कंसल, ललित गोयल, मंजू त्यागी आदि सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# अर्न्तराष्ट्रीय कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर निबन्ध प्रतियोगिता सम्पन्न

**• अर्न्तराष्ट्रीय कम्प्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने निम्बस कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के सहयोग से निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया**

**चित्रकूट 02 दिसम्बर 2009।** अर्न्तराष्ट्रीय कम्प्यूटर साक्षरता दिवस



*निबंध प्रतियोगिता में उत्तीर्ण प्रतिभागी को प्रमाण पत्र सौंपते संस्था के मुख्य प्रबन्ध निदेशक केशव शिवहरे व सीओ सिटी उदयशंकर सिंह*

(02 दिसम्बर) के अवसर पर जागरूकता की दृष्टि से संस्था द्वारा सीआईसी रोड स्थित निम्बस कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में 'कम्प्यूटर का जीवन में महत्व' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तीन दर्जन छात्र व छात्राओं ने हिस्सा लिया। निबन्ध प्रतियोगिता को पारदर्शी बनाये जाने का दायित्व इंस्ठीट्यूट के संचालक अमित शुक्ला व उनके ट्रेनरों ने निभाया।

निबंध प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को 20 दिसम्बर 09 को चित्रकूट इंटर कालेज स्थित एक समारोह में पायनियर्स क्लब चित्रकूट के मुख्य प्रबन्ध निदेशक/निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष पायनियर केशव शिवहरे एवं मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक नगर क्षेत्र उदयशंकर सिंह द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शील्ड एवं प्रमाण पत्र पाने वाले प्रतिभागी कुशची द्विवेदी, पुण्या द्विवेदी, वर्षा सोनी, प्रियंका अग्रवाल, रंजना गुप्ता, शशि सिंह, महेश कुमार ने संस्था का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से नवयुवकों का उत्साहवर्धन होता है ओर उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष डा. प्रबोध अग्रवाल, डा. सुधीर अग्रवाल, महेन्द्र केशरवानी, प्रेमनारायण करसौंधन, अजय अग्रवाल, विनोद गुप्ता, दीपचन्द्र, श्रीराम अग्रवाल, अरूण श्रीवास्तव, हीरालाल, संतोष गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, शारदा गुप्ता, अनूप गुप्ता, राजेश गुप्ता, गोपीकिशन अग्रवाल, श्यामलाल आसवानी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# भजन संध्या

**मुरादाबाद, 17.12.2009।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद द्वारा सांई भजन संध्या का आयोजन नेहरू जूनियर हाईस्कूल आजाद



*श्री साँई भजन संध्या पूजा में उपस्थित श्रीमती आस्था अरोरा, अंशुल शर्मा, श्रीमती कमलेश अरोरा, श्रीएलसी अरोरा (रा.अ.), श्रीमती सुनीता सेठी*

नगर प्रांगण में किया गया जिसमें भजन गायक पप्पू लहरी द्वारा मनमोहक सांई भजन प्रस्तुत किये गये इस कार्यक्रम के शुभारम्भ में पूजन पंडित राजीव शुक्ला द्वारा कराया गया।

पूजन के मुख्य यजमान के रूप में पाय. एलसी अरोरा एवं श्रीमती कमलेश अरोरा रहे। इस अवसर पर विभिन्न कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी। जिसने वहां उपस्थित सभी भक्तों का मन मोह लिया तथा सारा माहौल सांई नाम में हो गया। इसका आयोजन पाय. अंशुल शर्मा द्वारा किया गया और इसके



*श्री साँई भजन संध्या में उपस्थित भक्तगण*

प्रायोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा रहे। भजन संध्या की समाप्ति पर सभी लोगों के लिए प्रसाद व रात्रि भोज की व्यवस्था की



*श्री साँई भजन संध्या में उपस्थित पाय. योगेश रस्तौगी, कमल रस्तौगी, राजीव भारद्वाज, राजकुमार सेठी आदि*

गयी। इस अवसर पर सभी का स्वागत क्लब सचिव पाय. राजीव भारद्वाज द्वारा व धन्यवाद क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी द्वारा किया गया, और विशेष रूप से एलसी अरोरा जी का धन्यवाद किया।

इस व्यवस्था में पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. एमसी गुप्ता, पाय. जेके बाली, पाय. चरनजीत सेठी, पाय. अशोक तोमर, पाय. एससी अरोरा, पाय. अंकुर रस्तोगी, पाय. प्रमोद ग्रोवर, पाय. एके गोयल, पाय. रविन्द्र गोविल, पाय. एचएन धवन, मुकेश लालवानी आदि पायनियर्स सदस्य उपस्थित रहे।

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद की द्वितीय मनोरंजक सभा का आयोजन

**मुरादाबाद, 19.12.2009।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद की द्वितीय मनोरंजक सभा का आयोजन क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी व श्रीमती दीप्ती रस्तोगी द्वारा मैसोनिक लॉज में किया गया। इसकी अध्यक्षता क्लब कोषाध्यक्ष पाय. योगेश रस्तोगी ने की। इस सभा में समयबद्धता पुरस्कार पाय. अशोक तोमर जी ने जीता सचिव पाय. राजीव भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया व आगामी माह की सभा व प्रोजेक्ट की जानकारी सदन को देते हुए प्रोजेक्ट में स्वेच्छा से सहयोग करने का आग्रह सदन से किया, कपल गेम में पाय. एके गोयल प्रथम व पाय. अनिल गोयल द्वितीय रहे। प्रश्नोत्तरी में पाय. संजय सोती, पाय. रविन्द्र गोविल, पाय. अरविन्द अग्रवाल (सीए), पाय. सुनीता ग्रोवर, पाय. पूनम रस्तोगी, शिल्पा भारद्वाज आदि ने सही उत्तर देकर इनाम जीते इसके बाद हाऊजी करायी गयी जिसमें पाय. अरविन्द कुमार रस्तोगी, पाय. अभिषेक भारद्वाज, नेहा रस्तोगी, नीलम रस्तोगी आदि ने बाजी मारी, इस माह में जिन सदस्यों की विवाह वर्षगांठ थी, उन्हें क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी द्वारा बधाई व पुरस्कार दिए गये, पाय. प्रमोद ग्रोवर जी द्वारा सभा संचालक पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी को उपहार दिया गया, अन्त में सभा समाप्ति पर क्लब अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद किया सभी ने रात्रि भोज का आनन्द लिया। इस अवसर पर पाय. एससी गुप्ता, पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. अंशुल शर्मा, पाय. एससी अरोरा, पाय. संजीप रस्तोगी, पाय. जयदीप रस्तोगी, पाय. एचएन धवन, पाय. जेके बाली, पाय. पारूल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# भजन संध्या

**मुरादाबाद, 17.12.2009।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद द्वारा सांई भजन संध्या का आयोजन नेहरू जूनियर हाईस्कूल आजाद



*श्री साँई भजन संध्या पूजा में उपस्थित श्रीमती आस्था अरोरा, अंशुल शर्मा, श्रीमती कमलेश अरोरा, श्रीएलसी अरोरा (रा.अ.), श्रीमती सुनीता सेठी*

नगर प्रांगण में किया गया जिसमें भजन गायक पप्पू लहरी द्वारा मनमोहक सांई भजन प्रस्तुत किये गये इस कार्यक्रम के शुभारम्भ में पूजन पंडित राजीव शुक्ला द्वारा कराया गया।

पूजन के मुख्य यजमान के रूप में पाय. एलसी अरोरा एवं श्रीमती कमलेश अरोरा रहे। इस अवसर पर विभिन्न कलाकारों द्वारा अपनी-अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की गयी। जिसने वहां उपस्थित सभी भक्तों का मन मोह लिया तथा सारा माहौल सांई नाम में हो गया। इसका आयोजन पाय. अंशुल शर्मा द्वारा किया गया और इसके प्रायोजक राष्ट्रीय अध्यक्ष पाय. एलसी अरोरा रहे। भजन संध्या की समाप्ति पर सभी लोगों के लिए प्रसाद व रात्रि भोज की व्यवस्था की



*श्री साँई भजन संध्या में उपस्थित पाय. योगेश रस्तौगी, कमल रस्तौगी, राजीव भारद्वाज, राजकुमार सेठी आदि*

गयी। इस अवसर पर सभी का स्वागत क्लब सचिव पाय. राजीव भारद्वाज द्वारा व धन्यवाद क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी द्वारा किया गया, और विशेष रूप से एलसी अरोरा जी का धन्यवाद किया।



*श्री साँई भजन संध्या में उपस्थित भक्तगण*

इस व्यवस्था में पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. एमसी गुप्ता, पाय. जेके बाली, पाय. चरनजीत सेठी, पाय. अशोक तोमर, पाय. एससी अरोरा, पाय. अंकुर रस्तोगी, पाय. प्रमोद ग्रोवर, पाय. एके गोयल, पाय. रविन्द्र गोविल, पाय. एचएन धवन, मुकेश लालवानी आदि पायनियर्स सदस्य उपस्थित रहे।

# इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद की द्वितीय मनोरंजक सभा का आयोजन

**मुरादाबाद, 19.12.2009।** इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब मुरादाबाद की द्वितीय मनोरंजक सभा का आयोजन क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तौगी व श्रीमती दीप्ती रस्तोगी द्वारा मैसोनिक लॉज में किया गया। इसकी अध्यक्षता क्लब कोषाध्यक्ष पाय. योगेश रस्तोगी ने की। इस सभा में समयबद्धता पुरस्कार पाय. अशोक तोमर जी ने जीता सचिव पाय. राजीव भारद्वाज ने सभी का स्वागत किया व आगामी माह की सभा व प्रोजेक्ट की जानकारी सदन को देते हुए प्रोजेक्ट में स्वेच्छा से सहयोग करने का आग्रह सदन से किया, कपल गेम में पाय. एके गोयल प्रथम व पाय. अनिल गोयल द्वितीय रहे। प्रश्नोत्तरी में पाय. संजय सोती, पाय. रविन्द्र गोविल, पाय. अरविन्द अग्रवाल (सीए), पाय. सुनीता ग्रोवर, पाय. पूनम रस्तोगी, शिल्पा भारद्वाज आदि ने सही उत्तर देकर इनाम जीते इसके बाद हाऊजी करायी गयी जिसमें पाय. अरविन्द कुमार रस्तोगी, पाय. अभिषेक भारद्वाज, नेहा रस्तोगी, नीलम रस्तोगी आदि ने बाजी मारी, इस माह में जिन सदस्यों की विवाह वर्षगांठ थी, उन्हें क्लब अध्यक्ष पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी द्वारा बधाई व पुरस्कार दिए गये, पाय. प्रमोद ग्रोवर जी द्वारा सभा संचालक पाय. कमल प्रकाश रस्तोगी को उपहार दिया गया, अन्त में सभा समाप्ति पर क्लब अध्यक्ष ने सभी को धन्यवाद किया सभी ने रात्रि भोज का आनन्द लिया। इस अवसर पर पाय. एससी गुप्ता, पाय. सुबोध भारद्वाज, पाय. अंशुल शर्मा, पाय. एससी अरोरा, पाय. संजीप रस्तोगी, पाय. जयदीप रस्तोगी, पाय. एचएन धवन, पाय. जेके बाली, पाय. पारूल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# 941 वाहन स्वामियों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरित किये गये

- दुर्घटनाओं को नियन्त्रित करने में सहायक होगी पायिनयर्स यातायात निर्देशिका ................उदयशंकर सिंह सीओ सिटी
- समाज सेवा के लिए संकल्पित है पायनियर्स क्लब.............केशव शिवहरे एडवोकेट
- दूरभाष यातायात निर्देशिका का हुआ विमोचन.......................कुंदन सिंह टीएसआई
- 3000 (तीन हजार) निर्देशिका का होगा निःशुल्क वितरण............डा. प्रबोध अग्रवाल

चित्रकूट 20 दिसम्बर 2009। जनपद की अग्रणी समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने यातायात विभाग से सहयोग से रविवार को स्थानीय चित्रकूट इंटर कालेज सभागार में निःशुल्क ग्रीन



कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह

कार्ड का वितरण कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक (नगर) उदयशंकर सिंह रहे। कार्यक्रम में यातायात व दूरभाष निर्देशिका का विमोचन भी किया गया। शिविर में 941 लोगों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरित किये गये।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सीओ सिटी उदयशंकर सिंह ने कहा कि जिले की सामाजिक संस्था पायनियर्स क्लब के द्वारा किये जा रहे कार्य सराहनीय है। यातायात माह नवम्बर में जागरूकता के लिए संस्था की ओर से जो प्रयास व सहयोग यातायात विभाग के लिए किया गया, इसके लिए वह संस्था के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष व चित्रकूट के मुख्य प्रबन्ध निदेशक श्री केशव शिवहरे के साथ ही उनकी पूरी टीम को बधाई देते हैं। उन्होंने ट्रेफिक नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि दुर्घटनाएं नियमों की अनदेखी करने पर ही होती है। स्पीड में ड्राइविंग करना, ओवरटेक करना और वाहन चलाते समय मोबाइल पर बातें करना ही जानलेवा साबित हो जाती है। जिले की सड़कों को स्थिति अत्यन्त दयनिय है। इन सब परिस्थितियों में थोड़ा सा असंतुलन ही दुर्घटनाओं का कारण बनता है। सीओ सिटी ने पायनियर्स क्लब की ओर से तैयार कराई गई अत्यन्त उपयोगी 'दूरभाष यातायात निर्देशिका' का विमोचन किया।

संस्था के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष व चित्रकूट के मुख्य



वाहन स्वामी को निःशुल्क ग्रीन कार्ड सौंपते मुख्य अतिथि श्री उदयशंकर सिंह सीओ सिटी

प्रबन्ध निदेशक केशव शिवहरे ने संस्था की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि उनकी संस्था पूरी तरह से कल्याणकारी, समाजसेवी एवं गैर राजनीतिक है जो बगैर किसी सरकारी अथवा गैर सरकारी अनुदार के संचालित है। बीते सात वर्षों से संस्था ने निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर के अलावा स्वास्थ्य कैम्प, सूखा राहत, बाढ़ राहत, अग्निकाण्ड जैसे मामलों में आम जनता के साथ प्रशासन का सहयोग किया है। प्रदेश व केन्द्र की सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में संस्था की भागीदारी रही है। संस्था का उद्देश्य आम जनता की सेवा के साथ शासन प्रशासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का है। अन्य जनपदों में ग्रीन कार्ड के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं ने शुल्क निर्धारित कर रखे हैं, लेकिन पायनियर्स क्लब जिले में प्रतिवर्ष यातायात विभाग के सहयोग से निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरण कार्यक्रम कर रही है। श्री शिवहरे ने कहा कि पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस के सहयोग से अब हर तीन माह में ऐसे शिविरों का आयोजन किया जायेगा, जो वाहन स्वामी ग्रीन कार्ड बनवाने से वंचित रह गये हैं उन्हें मार्च में

*शेष पृष्ठ 6 पर...*

पृष्ठ 5 का शेष...

# 941 वाहन स्वामियों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरित किये गये



*संस्था द्वारा प्रकाशित दूरभाष/यातायात निर्देशिका का विमोचन करते मुख्य अतिथि*

शिविर लगाकर ग्रीन कार्ड उपलब्ध कराए जायेंगे।

टीएसआई कुन्दन सिंह ने कहा कि इस तरह के शिविर वहान स्वामियों को जागरूकता पैदा करने के लिए लगाये जाते हैं ताकि यातायात नियमों का पालन हो सके। दर्द का रिश्ता हर एक के साथ जुड़ा है, चोट न लगे, वाहन क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए यातायात नियमों का पालन करना जरूरी है जो कानून का पालन नहीं करते हैं उन्हें समझाने की जरूरत है। कोतवाली प्रभारी चन्द्रधर गौड़ ने कहा कि पायनियर्स क्लब के मुखिया श्री शिवहरे जनपद में कुछ न कुछ जनहित के कार्य कराते ही रहते हैं। समाज सेवा के क्षेत्र में संस्था अग्रणी है। उन्होंने कहा संस्था द्वारा पूरे माह नवम्बर में जागरूकता कार्यक्रम किए गये जो सराहनीय है। उन्होंने कहा वाहन चलाते समय सावधानी जरूर बरते। संस्था द्वारा प्रकाशित दूरभाष/यातायात निर्देशिका की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस डायरी में बहुत ही महत्वपूर्ण टेलीफोन/मोबाइल नम्बर एवं यातायात नियमों के बारे में व्यापक जानकारी दी गई है। साथ ही पूरे जनपद में नि:शुल्क वितरित कराई जा रही है। संस्था की जितनी तारीफ की जाए कम है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री सिंह ने वाहन स्वामी राजेश्वर सिंह पत्रकार, संजय अग्रवाल अधिवक्ता और यातायात विभाग के देवीदयाल को ग्रीन कार्ड देकर नि:शुल्क ग्रीन कार्ड वितरण का शुभारम्भ किया। इसके बाद संस्था की ओर से सभी वाहन स्वामियों को ग्रीन कार्ड बांटे गये। इस मौके पर संस्था के अजय अग्रवाल, महेन्द्र केसरवानी, विनोद गुप्ता, शारदा गुप्ता, राजेश गुप्ता, संजीव अग्रवाल, अमित शुक्ला, अरूण श्रीवास्तव, श्रीराम अग्रवाल, अरूण गुप्ता, गोपीकिशन अग्रवाल, डा. प्रबोध अग्रवाल, दीपचन्द्र अग्रवाल, सुनील सुहाने, राजेन्द्र गुप्ता, अतुल अग्रवाल, संतोष गुप्ता, प्रेमनारायण, अनूप गुप्ता, यातायात विभाग के कां. चन्द्रभवन कुशवाहा, जगदेव कछवाह, देवीदयाल, त्रिभुवन सिंह, कमल किशोर दुबे, छोटेलाल सहित सैकड़ों की तादाद में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संस्था द्वारा प्रकाशित यातायात/दूरभाष निर्देशिका नि:शुल्क 3000 (तीन हजार) लोगों को वितरित की जायेगी।

## आपके लिए बेकार वस्तुऐं दूसरों के लिए उपयोगी है

कड़कड़ाती ठंड में अमीर एवं गरीब सबको कठिनाई होती है लेकिन अमीर व्यक्ति अपने संसाधनों से परिस्थिति का मुकाबला कर लेता है जबकि गरीब संसाधनों के अभाव में इस ठंड में ठिठुरने को मजबूर है।

आइये हम और आप बिना कोई अतिरिक्त खर्चा किये इन गरीबों की सहायता करें। हमारे अनुपयोगी हो चुके ऊनी वस्त्र, कम्बल, रजाई इत्यादि इन असहाय लोगों को प्रदान करें।

पायनियर्स क्लब रामनगर एवं रामनगर सेवा समिति इस पुनीत कार्य में आपके साथ है, आपके परिवार के अनुपयोगी वस्त्र निम्न स्थानों पर भेज कर इस कार्य में सहयोग करें अथवा निम्न Cotact No. पर फोन कर दें जिससे कि हम ये वस्त्रादि मंगवा लें एवं जरूरत मन्दों को बाँट दें।

आप चाहें तो नंगे पैर स्कूल जाने वाले बच्चों को जूते पहिना सकते हैं या बिना स्वेटर पहिने स्कूल जा रहे बच्चों को स्वेटर पहिना सकते हैं। इस पुनीत कार्य में तन, मन, धन से सहयोग करें।

धन्यवाद!

**इण्टरनेशनल पायनियर्स क्लब, रामनगर**

**रामनगर सेवा समिति** — नागा बाबा मन्दिर मार्ग, रामनगर

**फ्यूचर डैवलपमैण्ट सोसायटी** — बम्बाघेर, रामनगर

**स्वामी परमानन्द पायनियर्स होम्योपैथिक धर्मार्थ औषधालय**

रामा मन्दिर मार्ग, रामनगर

फोन : 9897122394, 9837008454, 9927051408

## पायनियर्स क्लब रामनगर ने गरीबों को स्वेटर, कम्बल व लिहाफ बाँटे

**रामनगर।** सेवा समिति रामनगर में इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के संस्थापक व सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष कुमार मेहरोत्रा, पाय. क्लब रामनगर के सचिव एवं सेवा समिति के प्रबन्धक पाय. राकेश अग्रवाल तथा सेवा समिति के संरक्षक सुरेश चन्द्र गुप्ता ने इण्टरनेशनल पायनियर्स एवं सेवा समिति रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में दानदाताओं से एकत्रित पुराने प्रयोग योग्य वस्त्र, कम्बल व लिहाफ लगभग 7 बोरे वस्त्र सेवा समिति रामनगर में गरीब व निराश्रित व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चों व वृद्धों को वितरित किए।

रामनगर पायनियर्स क्लब रामनगर क्षेत्र के 50 गरीब विद्यार्थियों को 26 जनवरी को सेवा समिति में नये स्वेटर वितरित करेगा। पुराने वस्त्र, कम्बल, लिहाफ एकत्रित करके गरीबों को वितरण का कार्य आगे भी निरन्तर जारी रहेगा।

# पायनियर्स क्लब ने लगाया निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर

- यातायात माह नवम्बर के अवसर पर यातायात विभाग के सहयोग से शिविर सम्पन्न
- पुलिस अधीक्षक ने केया कार्यक्रम का उद्घाटन
- समाज सेवा के लिए पायनियर्स क्लब सदैव दृढ़ संकल्पित



*वाहन स्वामी को नि:शुल्क ग्रीन कार्ड देकर शिविर का शुभारम्भ करती पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस साथ में (बायें से दायें) सीओ सिटी उदयशंकर सिंह, एसडीएम गुलाबचन्द, मुख्य प्रबन्ध निदेशक केशव शिवहरे, आरआई श्रीराम।*



*शिविर में आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त करते संस्था प्रमुख केशव शिवहरे*

चित्रकूट 19 नवम्बर 2009। यातयात माह नवम्बर के अवसर पर यातायात विभाग के सहयोग से समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी प्रमुखा समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब ने गुरूवार को ट्राफिक चौराहा के पास नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर का आयोजन किया। शिविर में ग्रीन कार्ड के लिए 900 लोगों ने आवेदन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपर्णा एच. एस. रहीं। कैम्प में कुछ वाहनस्वामियों को नि:शुल्क ग्रीन कार्ड मौके पर ही देकर शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वागत गीत के साथ हुई।

पायनियर्स क्लब के चित्रकूट के मुख्य प्रबन्ध निदेशक एवं निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी केशव शिवहरे ने कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के बारे में विधिवत् जानकारी देते हुए बताया कि संस्था का गठन वर्ष 2000 में कुछ सदस्यों को लेकर किया गया उनकी संस्था स्वैच्छिक, कल्याणकारी व पूर्णरूपेण गैर राजनीतिक है जो बिना किसी तरह का सरकारी अथवा गैर सरकारी अनुदान लिए बिना संचालित है। वर्तमान में संस्था के 40 सदस्य हैं जो समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। बीते 8 वर्षों से संस्था राष्ट्रीय स्तर पर 'सर्वश्रेष्ठ संस्था' का पुरूस्कार प्राप्त करती आ रही है। संस्था जिले में नि:शुल्क सेवा कर रही है जिसमें संस्था अब तक हार्ट कैम्प, भजन संध्या, ग्रीन कार्ड शिविर, एम्बुलेंस सेवा, दैवीय आपदाओं में लोगों की मदद करती है। शिक्षा एवं खेलकूद के क्षेत्र में संस्था ने ऐतिहासिक कार्य किये हैं। उन्होंने बताया विगत 7 वर्षों से संस्था यातायात विभाग के सहयोग से नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर का आयोजन यातायात माह के अवसर पर करती है।



*कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस का स्वागत करते संस्था के मुख्य प्रबन्ध निदेशक केशव शिवहरे एडवोकेट*



*नि:शुल्क ग्रीन कार्ड शिविर में उपस्थित गणमान्य*

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस ने कहा कि ग्रीन कार्ड पुलिस विभाग की ओर से बनाया जाता है। इसकी उपयोगिता यह है कि वाहन चेकिंग आदि में वाहन स्वामियों को जांच के दौरान कोई दिक्कत न हो। उन्हें वाहन में अन्य कागजातों को रखने के झंझट से मुक्ति मिल जायेगी।

उन्होंने ऐसे शिविर आयोजित करने पर पायनियर्स क्लब के प्रमुख केशव शिवहरे सहित पूरे सदस्यों की सराहना की। क्षेत्राधिकारी नगर उदयशंकर सिंह ने कहा कि आज के समय में ट्रेफिक नियमों की जानकारी सभी के लिए आवश्यक है।

*शेष पृष्ठ 8 पर...*

पृष्ठ 7 का शेष...

# पायनियर्स क्लब ने लगाया निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर



*निःशुल्क ग्रीन कार्ड के लिए उमड़ी भीड़*

लोगों में जागरूकता आये इसके लिए पायनियर्स क्लब ने उत्कृष्ट कार्य किया है। यहाँ पर उपस्थिति जनसमूह को देखकर लगता है कि पायनियर्स क्लब ने ग्रीन कार्ड के प्रति लोगों को काफी जागरूक किया है। वाहन स्वामी को वाहन चलाते समय अपने व अन्य के जीवन के बचाव का पूरा ख्याल रखना चाहिए। उपजिलाधिकारी नगर गुलाबचन्द्र ने बताया कि हत्याओं से 10(दस) गुना ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटनाओं में होती है। यदि लोग यातायात नियमों का पालन करें तो इन्हें काफी हद तक रोका जा सकता है। उन्होंने पायनियर्स क्लब के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी संस्थायें बहुत कम ही दिखती है जो निःस्वार्थ भाव से समाज सेवा में तत्पर हैं।

शिविर में वाहनों के प्रदूषण जाँच, बीमा एवं ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की भी सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। एआरटीओ विभाग द्वारा 350 लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस शिविर में जारी किए गये। 105 वाहन स्वामियों ने मौके पर बीमा कराया साथ ही 155 वाहनों को प्रदूषण प्रमाण पत्र जारी किये गये।

इस अवसर पर संस्था के डा. प्रबोध अग्रवाल, अजय अग्रवाल, महेन्द्र केसरवानी, डा. सुधीर अग्रवाल, विनोद गुप्ता, राजेश गुप्ता, शारदा प्रसाद गुप्ता, ओम प्रकाश साहू, प्रेमनारायण, रमेश अग्रहरि, श्रीराम अग्रवाल, अरूण श्रीवास्तव, संजीव अग्रवाल, भरत गुप्ता, अतुल अग्रवाल, अमित शुक्ला, राजेन्द्र गुप्ता, अनूप गुप्ता, डा. सिद्धार्थ गुप्ता, यातायात विभाग के टीएसआई धर्मेन्द्र सिंह, आरआई पुलिस लाइन श्रीराम, हेड कां. महेश उपाध्यांय, चन्द्रभवन कुस्वाहा, जगदेव कछवाह, कमल किशोर दुबे, रामप्रकाश मौर्य, छोटेलाल, देवीदयाल, जगदीश नरायन, त्रिभुवन सिंह सहित गणमान्य, पत्रकार, अधिवक्ता एवं समाजसेवी मौजूद थे।

## बधाई सन्देश

*प्रिय पायनियर बन्धुओं,*

*आप सभी को 'लोहड़ी' की लख-लख बधाई।*

*इस माह में पूरे देश में अत्यधिक सर्दी पड़ रही है। चारों और शीतलहर चल रही है। यह सर्दी कितने ही लोगों का जीवन लील चुकी है। अतः हमारा यह दायित्व बनता है कि समाज के ऐसे असहाय लोगों का जीवन बचाने के लिए कुछ करें। इस माह में गरीब व असहाय लोगों को ऊनी वस्त्रों/कम्बल आदि का वितरण करें और जगह-जगह अलाव जलवाने की व्यवस्था करें।*

**पाय. एलसी अरोरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष)**

## पाय. जयगोपाल गुप्ता जोनल चेयरमैन के पद पर नियुक्त

इण्टरनेशनल पायनियर क्लब के संविधान में प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए पाय. जयगोपाल गुप्ता (दिल्ली शाखा) को तत्काल प्रभाव से दिल्ली क्षेत्र का जोनल चेयरमैन नियुक्त किया जाता है। वह दिल्ली शाखा के अतिरिक्त गाजियाबाद शाखा के भी प्रभारी रहेंगे।

पाय. गुप्ता से अपेक्षा की जाती है कि वह समय-समय पर अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली शाखाओं का भ्रमण करते रहेंगे और पायनियरवाद को आगे बढ़ाते हुए कुछ नई शाखायें खुलवाने का प्रयास करेंगे। अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट से मुझे तथा प्रधान कार्यालय को अवगत करायेंगे।

**पाय. एलसी अरोरा (राष्ट्रीय अध्यक्ष)**

# इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा आयोजित निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर

## • दूसरे चरण का शिविर चित्रकूट सीतापुर में सम्पन्न • पायनियर्स क्लब के कार्य सराहनीय...उपजिलाधिकारी

**चित्रकूट 26 नवम्बर 2009।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस के निर्देशन में मनाए जा रहे यातायात माह नवम्बर में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में यातायात विभाग व जनपद की प्रमुख समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब द्वारा निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर के दूसरे चरण का शिविर विनोद लॉज सीतापुर में विधिवत् सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी सदर गुलाबचन्द्र ने शिविर में ही वाहन स्वामी को निःशुल्क ग्रीन कार्ड देकर विधिवत् शुभारंभ किया। इस अवसर पर इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब चित्रकूट के मुख्य प्रबंध निदेशक केशव शिवहरे ने कार्यक्रम की शुरूआत में संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि विगत सात वर्षों से संस्था यातायात माह के अवसर पर यातायात विभाग के सहयोग से जनपद के वाहनस्वामियों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड उपलब्ध करा रही है। जिला व पुलिस प्रशासन के सहयोग से संस्था समय-समय पर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं में भी बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाती रही है। उन्होंने बताया कि घरेलू वाहन स्वामियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शिविर में ही एआरटीओ विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने, बीमा कराने एवं वाहन के प्रदूषण की जाँच की सुविधा रखी गयी है। आगे उन्होंने कहा कि 03 अक्टूबर को यातायात माह के समापन के अवसर पर सायं 3 बजे से चित्रकूट इंटर कालेज कर्वी में निःशुल्क ग्रीन कार्ड वितरित किए जाऐगें। क्षेत्राधिकारी नगर उदयशंकर सिंह ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस जनपद में पायनियर्स क्लब जैसी समाज सेवी संस्था विगत सात वर्षों से यातायात विभाग के सहयोग से आप लोगों को निःशुल्क ग्रीन कार्ड उपलब्ध करा रही है। जबकि अन्य जनपदों में ग्रीनकार्ड लेने के लिए आवेदक को कुछ न कुछ शुल्क देना पड़ता है।




*शिविर (सीतापुर में) को सम्बोधित करते उपजिलाधिकारी गुलाबचन्द्र पीसीएस*




*शिविर के दूसरे चरण में वाहन स्वामी को निःशुल्क ग्रीन कार्ड सौंपते सीओ सिटी उदयशंकर सिंह व एसडीएम गुलाबचन्द्र*



*सीतापुर (चित्रकूट) में ग्रीनकार्ड के लिए उमड़ी भीड़*

उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके आप स्वयं तो सुरक्षित हैं साथ ही दूसरे राह चलते व्यक्ति को भी सुरक्षित कर रहे हैं।

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में मौजूद उपजिलाधिकारी सदर गुलाबचन्द्र ने कहा कि सबसे ज्यादा असामयिक मौतें सड़क दुर्घटनाओं से होती हैं। अक्सर देखा जाता है कि सड़क दुर्घटनाओं में घर का कोई जिम्मेदार ही मारा जाता है। जिससे उस घर की पूरी व्यवस्था छिन्न-भिन्न हो जाती है। थोड़ी सी सावधानी में आपको यात्रा में देर जरूर लग सकती है, परन्तु आप पूरी तरह से सुरक्षित रहते हैं। जनपद में समाजसेवी संस्था पायनियर्स क्लब यातायात विभाग के सहयोग से निःशुल्क ग्रीन कार्ड देने का जो कार्य कर रही है, वह वास्तव में सराहनीय है। साथ ही तमाम जनकल्याणकारी कार्यो के लिए मैं संस्था प्रमुख केशव शिवहरे एवं उनकी समस्त टीम को बधाई देता हूँ। साथ ही तमाम पुनीत कार्यो में बढ़-चढ़कर इस तरह अपनी सहभागिता दें। यही मेरी शुभकामना है। आप सभी से भी अपेक्षा है कि आप लोग अपने जीवन में यातायात नियमों को उतार लें। तभी जीवन सुरक्षित है। प्रभारी यातायात सुनील कुमार मिश्र ने यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि पायनिंयर्स क्लब के तत्वावधान में यातायात विभाग द्वारा जारी निःशुल्क ग्रीन कार्ड केवल जनपद की सीमा अन्तर्गत ही मान्य होंगे। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय 1 मार्क को हेलमेट ही प्रयोग करें एवं यातायात नियमों का पालन करें। नशे की हालत में एवं दो पहिया वाहनों में मानक से अधिक लोगों को न बैठाऐं। आपका जीवन बहूमूल्य है और आपका परिवार आपके सकुशल लौटने की प्रतीक्ष में रहता है। लिहाजा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अवश्य करें। शिविर में उमड़ी भीड़ को देखकर लगता है कि पायनियर्स क्लब ने घरेलू वाहन स्वामियों को जागरूक करने में कोई कसर नहीं छोड़ा है। निःशुल्क ग्रीन कार्ड शिविर में ग्रीन कार्ड हेतु सात सौ (700) आवेदन प्राप्त हुए। तीन सौ सत्रह (317) लोगों को आरटीओ विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस (लर्निंग) निर्गत किए गए। एक सौ तेईस (123) वाहन स्वामियों ने अपने वाहन का मौके पर बीमा कराया एवं पचहत्तर (75) वाहनों की प्रदूषण जाँच की गई।

इस मौके पर यातायात विभाग के कमलकिशोर दुबे, देवीदयाल, चन्द्रभवन कुशवाहा, आरटीओ विभाग के अधीक्षक प्रमोद कुमार, वरिष्ठ लिपिक छोटेलाल पाण्डेय, मानव सेवा संस्थान के जागेश्वर शुक्ला, पायनियर्स क्लब के श्रीराम अग्रवाल, अरूण गुप्ता, दीपचन्द्र अग्रवाल, डा. प्रबोध अग्रवाल, गोपीकिशन, अजय अग्रवाल, शारदा प्रसाद, राजेश गुप्ता, अतुल अग्रवाल आदि ने शिविर व्यवस्था में सक्रिय योगदान किया।

# यातायात रैली का शुभारम्भ किया पुलिस अधीक्षक ने

**चित्रकूट 09 नवम्बर 2009।** शासन की मंशानुरूप पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस व एएसपी विपिन कुमार मिश्र के निर्देशन व



*यातायात रैली को झण्डी दिखाकर किया रवाना पुलीस अधीक्षक अपर्णा एचएस ने*

सीओ सिटी उदय शंकर सिंह के नेतृत्व में मनाये जा रहे यातायात माह नवम्बर की श्रृंखला में आज यातायात रैली का आयोजन किया गया।

यातायात रैली का प्रातः 11 बजे शुभारम्भ करते पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस ने कहा कि बेहद खुशी की बात है कि यातायात विभाग एवं समाज सेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स के सहयोग से यातायात माह पूरे उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं आये हुए नागरिकों का उत्साह देखकर लगाता है कि यहाँ के नागरिक यातायात नियमों के प्रति जागरूक है। उन्होंने बच्चों को सम्बोधित के प्रति जनता को यह संदेश जायेगा कि हमें वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करना चाहिए। इसके पूर्व यातायात रैली को सम्बोधित करते हुए एएसपी विपिन कुमार मिश्र व सीओ सिटी उदय शंकर सिंह ने कहा कि हमें अपने जीवन में यातायात नियमों का पालन प्रत्येक दशा में करना चाहिए। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग कतई न करें और न ही नशे की हालत में वाहन चलायें, क्योंकि आप स्वयं तो अपनी जान जोखिम में डालते हैं साथ ही सामने आ रहे व्यक्ति को भी दुर्घटनाग्रस्त कर सकते हैं। मोबाइल का प्रयोग वाहन चलाते समय अनुचित है। परन्तु विषम परिस्थितियों में यदि अत्यावश्यक समझे तो मोबाइल पर बात करते समय लीड का प्रयोग कर सकते हैं। कार्यक्रम की सफलता के लिए उन्होंने पूरे यातायात विभाग एवं विशेष रूप से समाजसेवी संस्था इंटरनेशनल पायनियर्स क्लब के समाजसेवी केशव शिवहरे सहित उनके सभी सदस्यों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित



*यातायात रैली की अगुवाई करती पुलिस अधीक्षक अपर्णा एचएस, पाय.क्लब के मुख्य प्रबन्ध निदेशक केशव शिवहरे व अन्य पुलिस अधिकारी*

की। यातायात माह को यादगार बनाने मे तत्पर टीएसआई धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने पूरे यातायात माह की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए कहा कि पूरे नवबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। जिसमें वाहनों में रिफ्लेक्टर लगाना, विद्यालयों में जाकर बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर उन्हें प्रशिक्षण देना, विशेष अभियान चलाकर वाहन चेकिंग करना, निःशुल्क ग्रीनकार्ड वितरित कराना आदि है। इसी श्रृंखला में आज इस रैली का आयोजन किया गया जिसकी सफलता के लिए आये हुए सभी आगन्तुकों, चित्रकूट इंटर कालेज, जनसेवा इंटर कालेज, सेठ मूलचन्द विद्या मन्दिर, सरस्वती शिशु मन्दिर, ज्ञान भारती इंटर कालेज, जेएम बालिका इंटर कालेज व पायनियर्स क्लब चित्रकूट के प्रमुख केशव शिवहरे सहित सभी सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विभाग के हेड कान्सटेबल महेश उपाध्याय, रामबहादुर, चन्द्रभवन कुशवाहा, जगदेव सिंह कछवाह, रामप्रकाश, कमलकिशोर दुबे, छोटेलाल, देवीदयाल, त्रिभुवन सिंह, जगदीश नारायण, पायनियर्स क्लब के महेन्द्र केशरवानी, गोपीकिशन, विनोद गुप्ता, प्रेमनारायण, श्रीराम अग्रवाल, अरूण श्रीवास्तव, शारदा प्रसाद, राजेन्द्र गुप्ता सहित सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहें कार्यक्रम का संलाचन केशव शिवहरे ने किया।

***टीएसआई चित्रकूट***

## भारत का अर्न्तराष्ट्रीय क्लब

## प्रत्येक नगर में इन्टरनेशनल पायनियर्स क्लब स्थापित करें

विश्व बन्धुत्व,
वसुधैव कुटुम्बकम्
के
अन्तर्गत नेतृत्व के
उचित अवसर
पारिवारिक मनोरजंन
फैलोशिप,
निःस्वार्थ समाज सेवा

**सम्पर्क करें :**

पाय. संतोष मेहरोत्रा, रामनगर-9897122394, पाय. केशव शिवहरे, चित्रकूट-9415437860, पाय. के.पी. सिंह गाजियाबाद-9810198281, पाय. कर्मवीर तायल, दिल्ली-9811740940, पाय. एलसी अरोडा, मुरादाबाद-9319747969, पाय. अरूण यादव, हापुडत्र-9837291373, पाय. संजय अग्रवाल, जबलपुर (म.प्र.) -9827064888, पाय. शीशपाल सिंह रावत, गढ़वाल-9410072614, पाय. अंजनी गोयल, चंदौसी-9358437684, पाय. अतुल कपूर, शाहजहांपुर-9415070285, डा. राजेश गौतम, चन्द्रपुर (महाराष्ट्र) -9822565972, पाय. फिरासत हुसैन, काशीपुर-9412464908, पाय. केपी अरोडा, उदयपुर-9414128201, पाय. कृपाल सिंह सहारा, जलंधर-9286157110, पाय. नरेश गुप्ता, हरिद्वार-9359932685, पाय. जोधवीर सिंह, नगीना-9927011815, पाय. एससी खन्ना, रामपुर-9359732691, पाय. आर. के. बिश्नोई, कानपुर-9415133310, पाय. नमित महरोत्रा, पूना-9890271000, पाय. ललित गर्ग, शाहजहांपुर-9415035073, पाय. डा. वीरेन्द्र दुबे , जबलपुर (म.प्र.)

• रजि0 संख्या-1237 स्थापित 1968 ☎ : 05947-252841
मो0 : 9897122394

## इन्टरनेशनल पायनियर्स

e-mail : internationalpioneers@rediffmail.com

**website : www.internationalpioneers.com**

राष्ट्रीय कार्यालय : रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड


## शुभकामना



नव वर्ष 2010 के आगमन पर समस्त भारतवासियों, पायनियर्स पदाधिकारियों, सदस्यों व ईष्ट मित्रों को हार्दिक शुभकामनाऐं। ईश्वर सभी को सुख, शान्ति, समृद्धि, सहनशीलता एवं ऐश्वर्य प्रदान करें। हर प्राणी के अन्दर 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना जागृत हो ताकि समाज में कोई भी इंसान दुःखी न रहे। सद्भावना का प्रवाह हो।

शुभेच्छु :
*पाय. केशव शिवहरे (निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष)*
*इंटरनेशनल पायनियर्स कर्वी, चित्रकूट (उ.प्र.)*

## नव वर्ष 2010
## की मंगलमय शुभकामनाऐं

**नववर्ष 2010 आपके जीवन में ढेर सारी खुशियाँ लेकर आ रहा है। नकारात्मक विचारों को पिछले साल के साथ भूल जाओं और नववर्ष के साथ सकारात्मक सोच का एक कदम बढ़ाओ, हजारों खुशियाँ आपका इंतजार कर रही हैं।**

'जीवन में खुशियाँ बढ़ें, बढ़े प्यार और हर्ष।
मंगलमय हो आपको, आने वाला वर्ष।।'

समस्त परिवार की सुख, समृद्धि
और उत्तम स्वास्थ्य की
शुभकामनाओं सहित...

पाय. महावीर वर्मा 'मधुर'
सचिव (हापुड़)

दिनांक :18 जनवरी 2010
समाचार पत्र पंजीयन सं0 पं0 सं0 56806/83,
डाक पंजीयन UA/NTL01/08/2009 से 2011

# इन्टरनेशनल पायनियर्स

नि:स्वार्थ, स्वैच्छिक, कल्याणकारी, समाजसेवी संस्था
प्रधान कार्यालय-रामनगर (नैनीताल) उत्तराखण्ड
सोसायटी की रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र संख्या-1237/1971-72

## वर्ष 2009 के लिए पाय. राकेश अग्रवाल व पाय. तनु चड्ढा सर्वश्रेष्ठ सदस्य निर्वाचित

**रामनगर, 02.11.2009।** सोमवार को क्लब की सपरिवार पिकनिक एवं मीटिंग रामनगर के पास स्थित रमणीक स्थल माँ बाल सुन्दरी देवी मन्दिर के प्राँगण में सम्पन्न हुई। प्रात: 10 बजे पायनियर शपथ के साथ प्रारम्भ मुख्य कार्यक्रमों में महिला पायनियर उपाध्यक्ष सुमन अग्रवाल द्वारा सभी पायनियर परिवार के मध्य अंताक्षरी, हाउजी, चुटकुले एवं गुब्बारा फुलाने की प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। दोपहर भोज के बाद मीटिंग सम्पन्न हुई।



पाय. राकेश अग्रवाल

20.12.2009 को पायनियर्स कार्यकारिणी की बैठक में निम्न कार्यक्रम कराने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया :-

(1) माह जनवरी 2010 में गरीबों की सहायता हेतु नगर से इस्तेमाल किये गये ऊनी कपड़े-कम्बल-रजाई इत्यादि एकत्र करके जरूरत मंदों में बाँटी जाए।

(2) जरूरतमंद स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किये जायें।

(3) रामनगर शाखा द्वारा पूर्व वर्षों में लगाये जा चुके सफल हृदय जाँच शिविर को इस वर्ष पुन: एस्कोर्ट फोरटिस अस्पताल दिल्ली के सहयोग से माह अप्रैल 2010 में लगाया जाय।

(4) पायनियरवाद के प्रसार हेतु नये सदस्य शाखा में बढ़ाये जायें और यदि सम्भव हो तो अन्य शहरों में पायनियर शाखायें खुलवाई जायें।

31.12.2009 को नववर्ष की पूर्व संध्या पर रात्रि 8.00 बजे रामनगर शाखा की रंगारंग मीटिंग श्री खत्री सभा भवन में पायनियर शपथ ग्रहण के साथ प्रारम्भ हुई। सचिव पाय. राकेश अग्रवाल द्वारा सभी सदस्यों को कार्यकारिणी सभा में लिये गये निर्णय से अवगत कराया गया एवं सदस्यों का आवाहन किया गया कि तन-मन-धन से सहयोग कर कार्यक्रमों को सफल बनायें। अध्यक्ष पाय. डा. केके अग्रवाल, संस्थापक पाय. संतोष मेहरोत्रा एवं राष्ट्रीय महासचिव पाय. डा. धनेश्वरी घिल्डियाल की उपस्थिति में सभी सदस्यों के बीच प्रसिद्ध गिटारवादक श्री रेनू गोन्जालेस द्वारा सम्मोहित करने वाला गिटारवादन प्रस्तुत किया गया।



पाय. तनु चड्ढा

वर्ष 2009 के सर्वश्रेष्ठ पुरूष व महिला पायनियर्स सदस्य का निर्वाचन प्रेफेंसल वोटिंग सिस्टम द्वारा सम्पन्न हुआ तथा 2009 के लिए पाय. राकेश अग्रवाल को सर्वश्रेष्ठ पुरूष सदस्य तथा महिला पायनियर तनु चड्ढा को सर्वश्रेष्ठ महिला सदस्य निर्वाचित किया गया एवं लक्की कपल श्रीमती एवं श्री पाय. मधुर किशोर को लक्की ड्रा द्वारा चयन करके सम्मानित किया गया।

क्लब के सम्मानित सदस्य एवं संस्थापक पायनियर संतोष मेहरोत्रा के अथक प्रयास से इस वर्ष कानपुर पायनियर क्लब एवं शाहजहाँपुर पायनियर क्लब का गठन हुआ। इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत धन्यवाद। सदस्यता बढ़ाने हेतु अभियान के अन्तर्गत दो नये सदस्यों श्री राकेश कुमार कसेरे एवं श्री प्रदीप कुमार पूठिया की स्वीकृति सर्व सम्मति से प्राप्त की गई। इस वर्ष अब तक 4 नये सदस्य बनाये जा चुके हैं।

अन्त में शाखा अध्यक्ष पाय. डा.केके अग्रवाल द्वारा सब को नववर्ष की बधाइयाँ प्रेषित करते हुए रात्रिभोज उपरान्त सभा समाप्त की गई तथा सभी सदस्यों को नववर्ष के उपहार वितरित किये गये।

**पायनियर चेतना को आर्थिक मदद देकर आगामी अंकों के प्रकाशन में सहायता करें** - *सम्पादक*

**सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक-सन्तोष कुमार मेहरोत्रा द्वारा इन्टरनेशनल पायनियर्स राष्ट्रीय कार्यालय के स्वामित्त्व में प्रकाशित एवं विबग्योर प्रिन्टर्स, रामनगर (नैनीताल) में मुद्रित।**